# DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH

**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**

**विभागाध्यक्ष भवन, ब्लाक-3, तृतीय/चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर**

**Phone : 0771- 2221376, https://dte.cg.gov.in/#/, Email-cgdtecounselling@gmail.com**


## :: सत्र 2026-27 में तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की सूचना ::

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। इस हेतु अभ्यर्थी का वेब साइट https://dte.cg.gov.in/#/ एवं https://cgdte.admissions.nic.in/ पर उपलब्ध कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, की अधिसूचना क्रमांक/एफ-9-5/2023/तक.शि./42 अटल नगर, दिनांक 11 मई 2023 में प्रकाशित निम्न प्रवेश नियम के अनुसार अर्हता होना अनिवार्य है।

### 1. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के बैचलर ऑफ़ टेक्नोलॉजी (बी.टेक.) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023

ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की प्रवेश प्रक्रिया का अवलोकन भी उपरोक्त वेब साइट के माध्यम से किया जा सकता है, तत्संबंधी तिथियाँ निम्नानुसार है।

| | प्रथम चरण हेतु तिथियाँ | | | | | द्वितीय चरण हेतु तिथियाँ | | | | | संस्था स्तर हेतु तिथियाँ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/ रिजल्ट (Allotment/ Result) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/ रिजल्ट (Allotment/ Result) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | प्रवेश (Admission) |
| 1.Bachelor of Technology (B.Tech) | 30th June 2026 10:00AM से 06th July 2026 11:59PM तक | 07th July 2026 05:00PM बजे | 08th July 2026 11:59PM तक | 10th July 2026 05:00PM बजे | 11th July 2026 10:00AM से 15th July 2026 05:30PM तक | 17th July 2026 10:00AM से 21st July 2026 11:59PM तक | 22nd July 2026 05:00PM बजे | 23rd July 2026 11:59PM तक | 25th July 2026 05:00PM बजे | 26th July 2026 10:00AM से 30th July 2026 05:30PM तक | 01st August 2026 10:00AM से 06th August 2026 11:59PM तक | 09th August 2026 05:00PM बजे | 1- मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आबंटन हेतु अवसर लेने के लिए अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में 10th August 2026 प्रातः 10:00AM उपस्थित होना अनिवार्य होगा।<br>2-संस्था द्वारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने की कार्यवाही 10th August 2026 01:00PM से 13th August 2026 01:00PM तक " की जाएगी।<br>3-यदि संस्था में सीटें रिक्त रहती हैं तो 13th August 2026 अपराह्न 01:30PM बजे से 14th August 2026 अपराह्न 05:30PM बजे तक निम्नलिखित सभी अभ्यर्थीयों को मेरिट सूची के अनुसार अवसर प्रदान किया जाएगा – जो दिनांक 10th August 2026 को<br>(क) उपस्थित नहीं हो पाए (अनुपस्थित)।<br>(ख) उपस्थित हुए लेकिन उन्हें आबंटन नहीं मिला।<br>(ग) सीट आवंटित/प्रवेशित है परंतु वे अपने उच्च वरीयता (Higher Preference) विषय/विकल्प का चयन करना चाहते हैं। |

**सामान्य निर्देश:-**

1. **प्रथम चरण की कॉउंसिलिंग के उपरांत पर्याप्त सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही द्वितीय एवं तृतीय चरणों की कॉउंसिलिंग करायी जायेगी तथा प्रत्येक चरण को अपने आप में एक पूर्ण काउंसलिंग प्रक्रिया माना जाएगा ।**
2. **काउंसिलिंग में किया गया सीट का आबंटन प्राविधिक होगा। काउंसिलिंग में संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन के पश्चात अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु संबंधित संस्था में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन कराना होगा। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही प्रवेश दिया जावेगा। सत्यापन उपरांत स्थानांतरण प्रमाण पत्र /चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेसन प्रमाण पत्र को छोड़ कर संस्थाए अभ्यर्थी का मूल दस्तावेजों वापस करेंगे ।**
3. **एक पाठ्यक्रम हेतु एक अभ्यर्थी से संबंधित मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। यदि किसी भी कारणवश कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन नहीं भर पा रहा है। तो वह अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों में अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटो युक्त पहचान पत्र ले जाकर अपनी समस्या का निदान कर सकता है।**
4. **कॉउंसिलिंग के प्रत्येक चरण हेतु अभ्यर्थी को पृथक से आवेदन करना होगा,**
5. **द्वितीय चरण के काउंसलिंग में भाग लेने** (**रजिस्ट्रेशन करने**) **पर**, **यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रथम चरण प्रवेश में लिया हुआ है**, **तो उनका प्रथम चरण का प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा**
6. **संस्था स्तर की काउंसिलिंग में**, **अभ्यर्थी को किसी एक संस्था हेतु ही अपने विकल्प चयन करने की छुट होगी । अभ्यर्थी जिस संस्था का चयन कर रहा है**, **उस संस्था में उपलब्ध अधिक से अधिक विषय चयन कर सकता है। अभ्यर्थी जिन विषयों के लिए विकल्प भरेंगे**, **उन्ही विकल्प हेतु आवंटन किये जाने के लिए विचार किया जा सकेगा ।**
7. **संस्था स्तर की काउंसिलिंग हेतु आवेदन करने पर**, **यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रवेश लिया हुआ है**, **तो वह तब तक निरस्त नहीं होगा**, **जब तक की अभ्यर्थी संस्था स्तर की काउंसिलिंग में प्रवेश नहीं लेगा ।**
8. **रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिन भी अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र एवं प्रवेश हेतु संस्थाएं खुली रहेंगी।**
9. **ऑनलाइन कॉउंसिलिंग से संबंधित जानकारी/दावा आपत्ति हेतु नियंत्रण कक्ष**, **तकनीकी शिक्षा संचालनालय**, **कक्ष क्रमांक**-03, **ब्लॉक**-3, **चतुर्थ तल**, **इंद्रावती भवन**, **नवा रायपुर**, **अटल नगर में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष क्रमांक** 0771-2221376 **पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है या** cgdtecounselling@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

Digitally signed by
Abhitab Dubey
Date: 22-06-2026
14:37:47

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**